प्रेस–नोट

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

नगर पालिका छबड़ा की चैयरमेन एवं पति एक लाख रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 09 नवम्बर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा बुधवार को नगर पालिका छबड़ा, जिला बारां की चैयरमेन, श्रीमती पिंकी साहू एवं उनके पति श्री जितेन्द्र कुमार साहू को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

श्री वी.के. सिंह, महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया कि परिवादी श्री राजमल सोनी पुत्र श्री मोहनलाल ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई कि परिवादी की भूमि का कन्वर्जन करने की एवज में नगर पालिका छबड़ा की चैयरमेर श्रीमती पिंकी साहू एवं उनके पति श्री जितेन्द्र कुमार साहू ने 17 लाख रूपये रिश्वत की मांग की थी।

ब्यूरो चौकी बारां द्वारा शिकायत के सत्यापन के उपरान्त ट्रेप का आयोजन कर नगर पालिका छबड़ा, जिला बारां की चैयरमेन, श्रीमती पिंकी साहू एवं उनके पति श्री जितेन्द्र कुमार साहू को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। ज्ञातव्य हैं कि मांग की गयी रिश्वत राशि 17 लाख में से एक लाख रूपये पहली किश्त के रूप में लेते हुए नगर पालिका छबड़ा की चेयरमेन एवं उसके पति को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

– – –